
पंजाब केसरी 30/11/2022

# हेयर एडं स्किन केयर पर आधारित एक्सटेंशन लैक्चर का आयोजन



गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डा.यामिनी मुंजाल का अभिनंदन करते हुए डा. सीमा कंसल। (बेवक्त)

अम्बाला छावनी, 29 नवम्बर (मनीष): गांधी मैमोरियल नैशनल कालेज के प्रांगण में प्राचार्य डा. वी.के जैन की अध्यक्षता और डा. सीमा कंसल के नेतृत्व में महिला प्रकोष्ठ तथा यूथ रैडक्रास द्वारा डैंटल केयर एंड ऑर्थोडॉन्टिक्स (ब्रेसेस) और हेयर एंड स्किन केयर पर आधारित एक्सटैंशन लैक्चर का आयोजन किया गया, जिसमें 100 से भी अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में डा. नितिन मुंजाल ने दांतों की सुरक्षा एवं देखभाल के उपायों से अवगत करवाया। डा. यामिनी मुंजाल ने त्वचा और बालों से संबंधित विभिन्न रोगों की जानकारी देते हुए ठीक करने के उपाय बताएं। कार्यक्रम में डा. तृप्ती, डा. एस.के. बाटला, डा. रितु गुप्ता, डा. कुलदीप तथा डा. नीना भी उपस्थित रहे।